कक्षा सातवीं

विषय हिंदी

पाठ 1 इतिहास बनाया करते हैं

मुख से

इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए

क. समय को नदी की बाढ़ जैसा क्यों कहा गया है?

उत्तर - जब नदी में बाढ़ आती है तब सब कुछ बह जाता है। उसी तरह समय भी तीव्रता (तेज़ी) से आगे बढ़ता जाता है, इस कारण समय को नदी की बाढ़ जैसा कहा गया है।

ख. कवि ने समय को बड़ा तूफ़ान क्यों कहा है?

उत्तर - समय बड़ा बलवान होता है वह भी तूफान की तरह सब - कुछ तहस - नहस कर देता है इस कारण समय को बड़ा तूफ़ान कहा गया है।

ग. शिवाजी किसके पहरेदारों से बचकर जेल से बाहर आए थे?

उत्तर – शिवाजी मुगलों के पहरेदारों से बचकर जेल से बाहर आए थे।

कलम से

क. 'जय हिंद' की निशानी किसके रक्त कणों से लिखी गई?

उत्तर – 'जय हिंद' की निशानी सुभाष चंद्र बोस के रक्त कणों से लिखी गई।

ख. ज्योतिषियों ने सुभाष के बारे में क्या भविष्यवाणी की थी?

उत्तर - ज्योतिषियों ने सुभाष के बारे में यह भविष्यवाणी की थी कि वह वीर चक्रवर्ती सम्राट, त्यागी या संन्यासी बनेगा।

ग. सुभाषचंद्र बोस को 'पारा' क्यों कहा गया है?

उत्तर - जैसे 'पारा' मुट्ठी में नहीं टिकता अर्थात हाथों की गर्मी से पिघल जाता है, वैसे ही सुभाषचंद्र बोस किसी के नियंत्रण में नहीं रहते।

घ. यहां क्रुद्ध शेर किसे कहा गया है और क्या कहा गया है?

उत्तर –यहां क्रुद्ध शेर सुभाषचंद्र बोस को कहा गया है क्योंकि उन्हें कर्मचारियों द्वारा शासित शासन प्रबंध ने जेल में डाला था।

ङ. धूर्त दुर्योधन की चाल से कौन बचकर आए थे?

उत्तर – धूर्त दुर्योधन की चाल से श्रीकृष्ण बचकर आए थे।